वर्द्धमान News

Digital Edition — शिक्षा का उजियारा

वर्ष 01 अंक 07 | ब्यावर, 04 अप्रेल 2025, शुक्रवार | Email : vardhmannewsbwr@gmail.com | पृष्ठ : 04 | मूल्य : निःशुल्क

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान एक ही एंगल क्लिक में...



ड्रोन फोटो-राहुल/बबलू अग्रवाल (वर्द्धमान न्यूज)

शिक्षा क्षेत्र का सिरमौर..वर्द्धमान

वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति (रजि.) ब्यावर के प्रगति पथ का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए अति हर्ष का अनुभव हो रहा है। ब्यावर जिले में संस्कारयुक्त शिक्षा के प्रसार हेतु, समाज के अग्रणी प्रबुद्धजनों की आदर्श परिकल्पना की परिणति 1992 में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति की स्थापना की गई।

समिति राजस्थान सरकार की पंजीकरण संस्था अधिनियम के अंतर्गत जनवरी 1992 में पंजीकृत है।

1995 में इसकी प्रथम इकाई के रूप में श्री वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय की स्थापना की गई जो विभिन्न चरणों में कई उपलब्धियों को समाहित करते हुये आज संभाग के प्रतिष्ठित कन्या पी.जी. महाविद्यालय के रूप में प्रतिस्थापित है। स्नातक कक्षाओं से आरम्भ हुआ यह कन्या महाविद्यालय अब स्नात्तकोत्तर, फैशन डिजाइनिंग, मेकअप आर्टिस्ट, वेब डिजाइनिंग एव अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को संचालित कर बालिकाओं हेतु कौशल विकास के नये मार्ग खोज रहा है।

शिक्षा का ज्योर्तिदीप प्रज्वलित करने के उद्देश्य से 1997 में समिति की दूसरी इकाई के रूप में भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल की स्थापना की गई। समिति द्वारा अभावग्रस्त मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां उपलब्ध कराई जाती है, साथ ही प्रतिवर्ष वार्षिक उत्सव के अवसर पर विद्यालय के सर्वोच्च अंक हासिल करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रतिभा प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किए जाते है।

समिति द्वारा शिक्षा एवं चरित्र विकास के क्षेत्र में स्थाई कार्यों हेतु अनुदान के साथ, अल्पसंख्यक योजनाओं को उपलब्ध कराने एवं स्वधर्मी बंधुओं में जनजागृति हेतु जन चेतना कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते है, शैक्षणिक प्रवृत्ति के संवर्धन हेतु उत्कृष्टव स्वच्छ लेखन के प्रोत्साहन हेतु सेमीनार, कार्यशाला का आयोजन भी किया जाता है। स्वच्छ सुरम्य परिसर, पर्याप्त सी.सी. टीवी कैमरे व अग्निशमन यंत्र युक्त भव्य भवन, समृद्ध प्रयोगशालाएँ, सुसज्जित सुसम्पन्न पुस्तकालय, व्यावहारिक नैतिक शिक्षण, संस्कारिता, अनुशासन, उन्नत शिक्षा परिणाम, समर्पण भाव एवं कर्तव्य निष्ठापूर्ण शिक्षा, कम्प्यूटर शिक्षा, विज्ञान मेला, खेलकूद सप्ताह आदि यहां की विशेषताएँ है। खेलकूद संवर्धन एवं खिलाड़ियों की प्रतिभा निखार हेतु पृथक से आधुनिक सुसज्जित वर्तमान स्पोर्ट्स एकेडमी भी परिसर में उपलब्ध है।

समिति उद्देश्यों के क्रियान्वयन तथा शिक्षण ईकाइयों के कुशल संचालन हेतु महाविद्यालय परिसर में समिति का सुसज्जित प्रशासनिक कार्यालय एवं भव्य सभा कक्ष भी उपलब्ध है। समिति के अधीन शिक्षण इकाईयों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व कुशल संचालन के परिणामस्वरूप अंतर्राष्ट्रीय मानक संस्था द्वारा आईएसओ 9001:2015, आईएसओ 14001:2015 प्रमाणित, आईएसओ 21001:2018, आईएसओ 45001:2018 एवं इंटरनेशनल एक्रिडेशन ऑर्गेनाइजेश प्रमाणित एवं अन्तर्राष्ट्रीय क्वालिटी मैनेजमेन्ट काउंसिल द्वारा ग्रेड ए प्रमाणित संस्थान का दर्जा प्राप्त है।

शिक्षण इकाईयों में स्वच्छता एवं विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखा जाता है, अनुभवी व प्रशिक्षित संकाय सदस्यों द्वारा शिक्षा प्रदान की जाती है, जिससे कि शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त होते रहे। निरन्तर नये प्रकल्पों पर विचार करते हुए समिति समय-समय पर आवश्यक निर्णय लेती रहती है जिससे शिक्षण इकाईयां प्रगति पथ पर निर्बाध अग्रसर होती रहे। समिति के सफल संचालन हेतु समाज के गणमान्य मूर्धन्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन एवं आर्थिक सहयोग सुलभ रहता है, इस हेतु हम आभार प्रदर्शित करते हैं।

वर्द्धमान सेल्फी पॉइंट बन रहा आकर्षण...



समाजसेवी श्री रमेश शर्मा, डॉ. राजीव जैन, मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, कोषाध्यक्ष रमेश चंद मेडतवाल



श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज केम्पस में अभी हाल ही में बना नया सेल्फी पॉइंट आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। जैन गुरुकुल शिक्षण समिति के सचिव अभिषेक रूनीवाल, जैन सोशियल ग्रुप के चेयरमैन पीयूष रांका, सकल जैन समाज के अध्यक्ष महेन्द्र सांखला, समिति मंत्री डॉ नरेंद्र पारख,समाजसेवी एवं सुश्रावक ज्ञानचंद बिनायकिया



श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज केम्पस के गार्डन में अभी हाल ही में लगाई गई अम्ब्रेला के नीचे बैठ कर परीक्षा पे चर्चा करती कॉलेज स्टूडेंट।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित गोठी स्कूल का शानदार रहा वार्षिक परीक्षा परिणाम

Class 1



पुनित जिंदल

पुत्र श्री राकेश जिंदल व श्रीमती मोनिका जिंदल

Class 2



लक्ष्य चौधरी

पुत्र श्री विजेन्द्र कुमार व श्रीमती सुनीता कुमारी

Class 3



समृद्ध जैन

पुत्र श्री राजेश कुमार व श्रीमती श्रृद्धा जैन

Class 4



राहिल मेहता

पुत्र श्री योगश मेहता व श्रीमती अमृता मेहता

Class 5



परिधि मूंदड़ा

पुत्री श्री अनुराग मूंदड़ा व श्रीमती आशा मूंदड़ा

Class 6



सार्थक बुरड़

पुत्र श्री मनीश बुरड़ व श्रीमती सरिता बुरड़

Class 7



काषी अग्रवाल

पुत्री श्रीबद्री नारायण अग्रवाल व श्रीमती नूतन अग्रवाल

Class 8



कृतज्ञ इंनाणी

पुत्र श्री योगेश ईनाणी व श्रीमती नेहा ईनाणी

Class 9



हिरेन जैन

पुत्र श्री अमित रांका व श्रीमती बिंदिया जैन

Class 11
वाणिज्य वर्ग



चार्वी जिंदल

पुत्री श्रीराकेश जिंदल व श्रीमती मोनिका जिंदल

Class 11
विज्ञान वर्ग



पवित्र गुप्ता

पुत्र श्री मुकेश चन्द्र गुप्ता व श्रीमती नितेश विजय

Class 11
कला वर्ग



नरसिंह राठौड़

पुत्र श्रीआनंद सिंह राठौड़ व श्रीमतीकृष्णा राठौड़

वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। भँवरलाल गोठी पब्लिक सी. सै. विद्यालय में कक्षा 1 से 9 एवं कक्षा 11 का वार्षिक परीक्षा परिणाम हर वर्ष की भांति इस वर्ष (2024-25) भी शत-प्रतिशत रहा। गोठी विद्यालय में कक्षा 1 से ही प्रत्येक विद्यार्थी की रुचि को ध्यान में रखकर अध्यापकों द्वारा उन्हें प्रेरित किया जाता रहा है। सभी अध्यापक कड़ी मेहनत व पूर्ण निष्ठा के साथ बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सहयोग प्रदान करते है। पूरे वर्ष होने वाली शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने हेतु उन्हें प्रेरित करते रहे है ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव हो सके।

विद्यालय में कक्षा 1 से 11 तक अध्ययनरत रहने वाले विद्यार्थियों का मानना है कि हमारे उत्कृष्ट परिणाम लाने में हमारे विद्यालय के प्रत्येक अध्यापक व अभिभावक का पूर्ण सहयोग रहता है।

यही कारण है कि इस विद्यालय के विद्यार्थी हर वर्ष सी.ए., नीट, सिविल सर्विसेज, राष्ट्रीय व अंर्तराष्ट्रीय स्तर की खेल-कूद प्रतियोगिताओं, वाद-विवाद, गायन-नृत्य प्रतियोगिताओं, विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि में अपना स्थान सुनिश्चित कर अपना व विद्यालय का नाम रोशन करते आए है।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति अध्यक्ष श्री शांतिलाल जी नाबरिया, समिति मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, शाला निदेशक डॉ. आर. सी. लोढ़ा, शाला प्रधानाचार्य श्री धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, उप प्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी सहित समस्त अध्यापक-अध्यापिकाओं ने सभी अव्वल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए नए सत्र के लिए उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामानाएँ प्रेषित की।

राजस्थान विधानसभा में गोठी स्कूल की पूर्व छात्रा का धमाकेदार उद्बोध

गोठी पब्लिक की पूर्व छात्रा प्रियांशी चौहान का धाराप्रवाह हिन्दी अंग्रेज़ी में स्पीच





वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। राजस्थान विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की सदारत मे विकसित भारत युवा संसद का आयोजन हुआ. संसद में राजस्थान के सभी जिलों से 18 से 25 वर्ष के 140 युवा छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों में से तीन बेस्ट स्टूडेंट का चयन होगा जो राष्ट्रीय युवा संसद में भाग लेंगे। ब्यावर भँवरलाल गोठी पब्लिक स्कुल की पूर्व छात्रा हेड गर्ल प्रियांशी चौहान युवा संसद में हिन्दी ओर अंग्रेज़ी में धाराप्रवाह भाषण देकर राजनेताओं की वाह वाही लूटी। प्रियांशी ने अपने भाषण में भृष्टाचार, राजनीति में परिवारवाद, भारत की संस्कृति ओर विकास पर दमदार तार्किक उद्बोधन दिया। प्रियांशी के उद्बोधन पर अनेक बार राजनेताओं ने करतल ध्वनि से दाद दी. अनेक नेताओं ने प्रियांशी को व्यक्तिगत रूप प्यार दुलार से हौसलाअफ़ज़ाई की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा युवा देश का भविष्य है आज का युवा ही सच्चा भारत है। युवाओं के प्रगतिशील विचारों पर भारत के विकास की नींवें टिकी हुई है।

उन्होंने कहा भारत संविधान सर्वोपरि ओर सर्वोच्च है उसे कोई नही बदल सकता ओर ना ही समाप्त किया जा सकता है संविधान हमारी शक्तियों का केन्द्र है हमारी आधारशिला है।

हमारे लोकतंत्र के लिए पूजनीय है इसकी रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है. विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा इस देश का हर कोना निराला ओर विविधता भरा है फिर सम्पूर्ण भारत एक है राष्ट्र प्रथम है हम चाहे जिस जाति धर्म राजनैतिक विचारधारा के सम विषम व्यक्ति हो लेकिन प्रथम हम सब भारतीय है। प्रियांशी के ओजपूर्ण भाषण प्रस्तुति का वर्धमान शिक्षण समिति के सचिव डॉ नरेन्द्र पारख ने स्वागत किया है।





वर्द्धमान इंस्टिट्यूट ऑफ़ फैशन डिजाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट कोर्स का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान इंस्टिट्यूट ऑफ़ फैशन डिजाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट में विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ परचम लहराया। अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने बताया कि फैशन डिजाइनिंग कोर्स में छात्रा रंजना कुमावत ने प्रथम, वर्षा वैष्णव ने द्वितीय एवं विनीता कंवर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार मेकअप आर्टिस्ट कोर्स में छात्रा कविता कुमारी ने प्रथम, पायल प्रजापति ने द्वितीय एवं कमला रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं, नोडल अधिकारी छवि गरवाल एवं समस्त संकाय सदस्यों की इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा एवं श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

नाज स्कूल का शानदार रहा वार्षिक परीक्षा परिणाम

वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित सेंदड़ा रोड़ स्थित श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ में कक्षा 1 से 9 एवं कक्षा 11 का वार्षिक परीक्षा परिणाम हर वर्ष की भांति इस वर्ष (2024-25) भी शत-प्रतिशत रहा। सभी अध्यापक कड़ी मेहनत व पूर्ण निष्ठा के साथ बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सहयोग प्रदान करते है। पूरे वर्ष होने वाली शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने हेतु उन्हें प्रेरित करते रहे है ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव हो सके।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति अध्यक्ष श्री शांतिलाल जी नाबरिया, समिति मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, शाला निदेशक डॉ. आर. सी. लोढ़ा, विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ निवेदिता पाठक, उप प्रधानाचार्य नागेश कुमार सहित समस्त अध्यापक-अध्यापिकाओं ने सभी अव्वल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए नए सत्र के लिए उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामानाएँ प्रेषित की।



वर्द्धमान रूट्स में नव सत्र का पहला दिन

वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल वर्द्धमान रूट्स का खाली पड़ा परिसर बच्चों के स्कूल पहुंचने से आज फिर गुलजार हो गया। कुछ बच्चे ऑटो से तो कुछ बच्चे अपने अभिभावकों के साथ स्कूल पहुंचे। उन्हें अभिभावकों ने दुलार कर, प्यार करके स्कूल के अन्दर भेजा। पहले दिन प्रार्थना सभा के साथ सत्र की शुरुआत हुई। प्रार्थना सभा में कुछ बच्चे रोते तो कुछ मस्ती करते नजर आए। वहीं कुछ बच्चे अपने दोस्तों से मिलकर काफी खुश नजर आए। बच्चों ने भगवान को याद करके पहले दिन की शुरुआत की। प्रार्थना सभा में बच्चों ने डांस भी किया। नए बच्चों की फोटो भी ली गयी ड्ड प्राचार्या श्री मति श्वेता नाहर ने बच्चों का स्वागत किया और बच्चों को पढाई के महत्व के बारे में बताया।







आकर्षक आभायुक्त कॉलेज भवन

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी.महाविद्यालय की बिल्डिंग एक हेरिटेज लुक में नजर आती है.



युवा संसद में वर्द्धमान की मनहर कौर की गूंज











वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय की छात्रा मनहर कौर का राज्यस्तरीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम 2025 में चयन हुआ। छात्रा मनहर कौर ने विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली एवं अन्य संसद सदस्यों की मौजूदगी में हिन्दी और अंग्रेजी में प्रभावी भाषण देकर हमारे संविधान के 75 वर्षों के अधिकार एवं कर्तव्य के सफर, संविधान दिवस के 11 संकल्प, भारत की संस्कृति तथा विकसित भारत की संकल्पना, लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण, देश के विकास में युवाओं की भूमिका आदि बिन्दुओं पर सटीक उद्बोधन देकर अपने विचारों की गूंज से वहां मौजूद सभी राजनेताओं का ध्यान खीचा। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी.लोढ़ा एवं श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने मनहर कौर के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।







शहीद जॉन मोहम्मद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूपनगर जिला ब्यावर की कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं ने श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट विंग एवं श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी.महाविद्यालय परिसर में व्यावसायिक शिक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी ली। वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज के एकेडमिक डीन नीलम लोढा, कॉलेज व्याख्याता गिरीश बैरवा, छवि गरवाल, प्रियंका मंगरोला, नीलम खत्री ने आगंतुक समस्त छात्राओं का अभिनन्दन करते हुए उन्हें विस्तृत जानकारी प्रदान की।